डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 289 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 02 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया




## बैंड बजाने में कोताही बरतने पर दस पुलिस वाले निलंबित

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां बैंड बजाने से मना करने पर 25 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। इसमें दस मंदसौर जिले के हैं। 15 अगस्त की परेड के लिए इन पुलिसकर्मियों ने बैंड प्रशिक्षण में शामिल होने से मना कर दिया था।यह मामला मध्यप्रदेश में पहली बार हुआ है। जहां इतनी बड़ी संख्या में 25 कॉन्स्टेबलों को सस्पेंड किया गया है। कई कॉन्स्टेबल तो यहां तक कह रहे हैं कि अगर हम बैंड बजाएंगे तो हमारी शादी कैसे होगी। वहीं कुछ ने तर्क दिया है कि हम ड्यूटी करने के लिए हैं, बैंड बजाने के लिए नहीं।

**25 पुलिसकर्मी हुए सस्पेंड**–मध्यप्रदेश के 25 पुलिसकर्मी को सस्पेंड किया गया है। जिसमें 10 मंदसौर जिले हैं। रायसेन के पांच, खंडवा के 4 और हरदा-सीधी के 3-3 कॉन्स्टेबल शामिल हैं। सीएम डॉ मोहन यादव की ..... **शेष पेज 4 पर**

## नए एक्सटेंशन वाली दिशा में आगे बढ़ते मोहन यादव

किसी अच्छे काम को आगे ले जाना समझदारी है। वैसे भी मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री भले ही बदले हों, लेकिन सरकार में वहीं राजनीतिक दल है जिसकी प्रदेश में जड़े बहुत गहरी जम चुकी हैं। इसलिए ऐसे में किसी काम को सिरा पकड़कर सिरे से नया तथा उल्लेखनीय रूप देना उस समझदारी में चार चांद लगाने जैसा है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने हाल ही में इस तरह की नीति और नीयत, दोनों का एक बार फिर ठोस तरीके से परिचय दिया है।


प्रकाश भटनागर

प्रदेश में उज्वला योजना का लाभ पा रही 46 लाख लाड़ली बहनों को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी जारी रखी जा रही है। इस साल अगस्त में तो सभी लाड़ली बहनों को राखी के उपहार के तौर पर ढाई सौ रूपए के शगुन का लाभ भी बरकरार रखा गया है। इस बात में कोई संशय नहीं कि डा. यादव के पूर्ववर्ती शिवराज सिंह चौहान ने अपने समय में ' महिला कल्याण से संभावनाओं के निर्माण' वाला अद्भुत फार्मूला लागू कर जबरदस्त तरीके से भाजपा को सियासी लाभ दिलाया था। चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी से लेकर लाड़ली बहना योजना तक के सफर में अनेक ऐसे पड़ाव स्थापित किए, जिनसे भाजपा को तगड़ा राजनीतिक माइलेज मिला।

यही वजह रही कि जब राज्य में डा. मोहन यादव मुख्यमंत्री बने, तब मुख्य विपक्ष कांग्रेस ने सरकार पर यह कहकर ताबड़तोड़ प्रहार किए कि लाड़ली बहना योजना अब बंद की जा रही है। जाहिर है कि कांग्रेस भी इस बात को भांप चुकी थी कि यदि लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा को कमजोर करना है, तो उसके महिलाओं से जुडे कार्यक्रमों और लगभग भाजपा का वोट बैंक बन चुकी महिलाओं के लाभ की योजनाओं को ही टारगेट करना होगा। इस दल ने विधानसभा चुनाव से पहले भी महिलाओं को सम्मान निधि और सस्ते सिलेंडर देने की बात कहकर शिवराज की योजनाओं को काउंटर करने का प्रयास किया था। कांग्रेस दोनों ही अवसरों पर असफल रही। खासतौर से लोकसभा चुनाव में ऐसा होने की प्रमुख वजह यह कि डॉ. मोहन यादव ने इस दिशा में टस से मस हुए बगैर 'जस की तस धर दीनी चदरिया' से भी एक कदम आगे जाकर शिवराज के कार्यक्रमों को गति और प्रगति प्रदान की।

लाड़ली बहना योजना तो बदस्तूर जारी है, डॉ. मोहन यादव ने शुरू में बताए गए और भी महिला-हितैषी निर्णयों के माध्यम से इस दिशा में नए काम शुरू कर दिए हैं। यह एक तरह से वह एक्सटेंशन भी है, जो किसी 'चले आ रहे' को 'चलते ही जाना है' वाला नवाचार भी प्रदान करता है। इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। जब सरकार यह बात लागू करती है कि वह गर्भवती महिलाओं को मुफ्त सोनोग्राफी जांच की सुविधा देगी, तो यह शिवराज की जननी सुरक्षा योजना का एक ठोस तथा निर्णायक एक्सटेंशन ही कहा जाएगा।

मामला निश्चित ही सियासी मुनाफे वाला है। वर्ष 2003 में उमा भारती ने प्रदेश के घरों के भीतर तक जाकर राजनीतिक मुद्दों को हवा दी। घरों में बिजली की कमी और सडकों पर गड्ढों के ऐसे विषय प्रमुखता से उठाए, जो सीधे परिवार से जुडी समस्याओं को छूते हैं। दिग्विजय सिंह चुनावी मैनेजमेंट की थ्योरी में मगन रहे और उमा ने अपने ऐसे मुद्दों के जरिए 'कहानी घर-घर की' वाली शैली में प्रदेश की जनता के दर्द को सीधे भुना लिया। फिर शिवराज। उन्होंने घर में भी महिलाओं की शक्ति पर खास फोकस किया। नतीजा सामने है। अब डा. मोहन यादव भी इस दिशा में न सिर्फ आगे बढ़ चुके हैं, बल्कि वे नवाचार भी अपना रहे हैं। अब भले ही इसके जरिए महिला वोटरों को भाजपा से जोडे रखने की रणनीति पर अमल किया जा रहा हो, लेकिन तुष्टिकरण और जात-पात की राजनीति से बहुत अलग यह मामला औरों के मुकाबले 'अधिक साफ-सुथरा' कहा ही जा सकता है।

खास बात यह भी कि डॉ. यादव के आधी आबादी से जुडे ऐसे फैसले एक पूरे विश्वास को भी आकर देते दिखते हैं। वह यह कि इन कदमों से यह सन्देश और संकेत भी जाता है कि सरकार लाड्ली बहना योजना की राशि को तीन हजार रुपए प्रतिमाह करने की दिशा में भी आगे बढ़ सकती है। आखिर मामला स्त्री शक्ति को और शक्ति देकर खुद के लिए सियासी शक्ति के संचय में वृद्धि करने की कोशिश का जो ठहरा। शिवराज से लेकर डा. मोहन यादव तक को देखते हुए इस दिशा में एक और बात कही जा सकती है। वह यह कि आखिरकार काम बोलता है।

उत्तरप्रदेश के बीते विधानसभा चुनाव में प्रियंका वाड्रा ने उत्तरप्रदेश में ' लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा दिया। मध्यप्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में इस पार्टी की ऐसे कोशिशों का पहले ही जिक्र किया जा चुका है। लेकिन दोनों ही राज्यों में भाजपा ने कांग्रेस के पंजे से यह मुद्दे छीन लिए। दोनों ही जगह कांग्रेस की इन कोशिशों से पहले भाजपा की सरकारें असरकारी तरीके से यह जता चुकी थीं कि वे इस दिशा में अपने किए और कहे के बीच अधिक अंतर की गुंजाइश नहीं रखती हैं। अब यही काम डॉ. मोहन यादव कर रहे हैं और उसके चलते ही यह कहा जा सकता है कि वह अपनी पार्टी की नीति को एक सिरे से पकडकर उसे नए सिरे से उल्लेखनीय रूप देने की दिशा में आगे बढ़ चले हैं।

### ट्राले में भरा था करीब 600 बोरी गेहूं, कुछ क्विंटल खाली कर लगा दिया था ढेर...

# 250 क्विंटल गेहूं मंडी में बिकने पहुंचा, गरीबों के हक पर डाके की उम्मीद!

### पहले चावल अब गेहूं की बारी, जिम्मेदार कागजी आंकड़े मिला बताते है सबकुछ ओके

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** गरीबों के हक वाला राशन की दुकान से मिलने वाला गेहूं मंदसौर उपज मंडी में ट्राला भरकर बिकने के लिए आ गया। ट्राले में 550 से अधिक बोरियां थी, जो करीब 250 क्विंटल से ज्यादा गेहूं होने का अनुमान है। एसडीएम को इसकी शिकायत मिली, जिसके बाद तहसीलदार मौके पर पहुंचे और पंचनामा बनाकर गेहूं जब्ती में लिया। हालांकि मौके से ट्राले का चालक और क्लीनर भाग गए, जिसके चलते गेहूं के मालिक का पता नहीं चल पाया। अब आला स्तर पर मामलें की जांच चल रहीं है। इससे पहले राशन का चावल कई मर्तबा बाजार से पकड़ा जा चुका है। बावजूद इसके खाद्य विभाग केवल कागजी आंकड़े मिलाकर सब पाक-साफ बता देता है। लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में राशन का अनाज बाजार में लाने वाले माफियाओं तक पहुंचने की कोशिश भी नहीं हो रहीं है।



जानकारी के अनुसार गुरुवार को मंडी में गेहूं भरकर ट्राला क्रमांक आरजे 09 जीसी 4222 पहुंचा। मंडी में कुछ क्विंटल गेहूं को ट्राले से खालीकर ढेर भी लगा दिया गया था। इस दौरान एसडीएम शिवलाल शाक्य को एक शिकायत मिली, जिसमें ट्राले में भरा गेहूं पीडीएस का होने की बात कही गई। एसडीएम ने तत्काल मंडी प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद मंडी सचिव पर्वतसिंह सिसोदिया मौके पर पहुंचे और जांच में पता लगा कि ट्राले में करीब 550 से अधिक कट्टे थे, जिसके बारदान एफसीआई का था। लेकिन, कट्टेसीलबंद नहीं थे। जिसके कारण मंडी प्रशासन को यह स्पष्ट नहीं हुआ कि गेहूं पीडीएस का है। बाद में मौके पर तहसीलदार भी पहुंचे और पंचनामा बनाकर गेहूं से भरे ट्राले को जब्ती में लिया। इधर ट्राला पकड़ाते ही चालक और क्लीनर मौके से भाग निकले जिसके कारण तत्काल यह पता नहीं लग पाया कि गेहूं कहां से आया था लेकिन आशंका जताई जा रहीं है कि गेहूं से भरा ट्राला सुवासरा-शामगढ़ तरफ से मंदसौर पहुंचा है। फिलहाल पूरे मामलें की जांच की जा रहीं है।

#### ढेर में मिल जाता तो नीलाम हो जाता...

बताया जा रहा है कि ट्रला मंडी में पूरा खाली होने से पहले ही प्रशासन को इसकी सूचना मिल गई यदि कट्टों में भरा गेहूं ढेर में मिल जाता तो फिर यह पता हीं नहीं लग पाता कि गेहूं पीडीएस का है या किसान के खेत से आया है। क्योंकि मंडी में सारा माल ढेर लगाकर ही नीलाम किया जाता है लेकिन ढेर बनने से पहले ही कट्टों में भरा गेहूं पकड़ में आ गया। अब देखना है जांच में क्या निकलता है।



#### स्टॉक निकलता है बराबर...

मंदसौर जिले में लगातार राशन की दुकान पर बिकने वाले गेहूं और चावल बाजार में बिकते हुए पकड़े जा रहे है लेकिन फिर भी आज तक किसी की जिम्मेदारी तय नहीं हो पाई है। जिम्मेदार हमेश कागजों में सब-कुछ पाक साफ बता देते है। दलील दी जाती है कि पीडीएस का राशन लेने वाले लोग ही बाजार में राशन को बेचकर दूसरा राशन खरीद लेते है। ऐसे में जो भी दोषी हो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए, क्योकि टेक्सपेयर के पैसे से सरकार गरीबों की थाली तक राशन पहुंचा रहीं है। ऐसे में यदि जिन्हें जरूरत नहीं है उन तक राशन पहुंच रहा है तो इस पर भी रोक लगनी चाहिए और सिस्टम में कहीं गड़बड़ी हो रहीं है तो उस पर भी लगाम लगनी चाहिए।

#### इनका कहना...

मंडी में ट्राले में क्विंटलों गेहूं भरकर आया था, जिसके बारदान पर एफसीआई लिखा है। एसडीएम की सूचना के बाद मौके पर पहुंचा था, तहसीलदार ने पंचनामा बनाया है। मौके से ट्राले का चालक और क्लीनर फरार हो गया था, जिससे गेहूं के मालिक का पता नहीं चल पाया है। अब इस मामले की जांच प्रशासन करेगा।

**पर्वतसिंह सिसोदिया, सचिव, कृषि उपज मंडी, मंदसौर**

### मामला सिक्योरिटी गार्ड की मौत का, हत्यारों का सुराग नहीं मिला...

# जनता की पहुंच से दूर हुए पुलिस थाने..!

### लैंडलाइन फोन हुए बंद तो सीयूजी नंबर भी पता नहीं

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** गरोठ थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरों ने एक सिक्योरिटी गार्ड की हत्या कर दी। चोरों के आने की सूचना सिक्योरिटी गार्ड सीधे थाने नहीं दे सका। इसका कारण था कि उसके पास थाने के नंबर नहीं थे। इधर फिल्ड ऑफिसर को इसकी जानकारी दी गई। फिल्ड ऑफिसर ने एएसआई को कॉल किया। जिसमें एएसआई ने गाली गलौज कर मोबाईल काट दिया। फिल्ड ऑफिसर ने थाने पर सूचना नहीं दी। अगर ऐसा होता तो थाने से क्षेत्र में गश्त पर तैनात पुलिसकर्मियों या बीट प्रभारी को तुरंत सूचना पहुंच जाती। कहीं न कहीं फिल्ड ऑफिसर भी थाने के नंबर से अंजान था। थाने के नंबरों से अंजान सिर्फ सिक्योरिटी गार्ड या फिल्ड ऑफिसर ही नहीं है। बल्कि लगभग थाना क्षेत्र का हर व्यक्ति थाने से दूर हो चुका है। लोगों को थाने के नंबरों की जानकारी ही नहीं है। जबकि लैंडलाइन नंबर बंद हो चुके हैं। सीएनजी नंबर इसकी जगह दिए गए है। लेकिन जिस तरह से लैंडलाइन नंबर बस स्टैंड, बैंक सहित बड़े निजी संस्थानों स्थानों पर अंकीत किए जाते थे। उस तरह से सीएनजी नंबर लोगों तक नहीं पहुंचाए गए।

**पुराने लैंडलाईन नंबर हो चुके हैं बंद**–जिले के 19 थानों और 9 चौकियों से आम जनता का सीधे संपर्क ही खत्म हो गया है। घटना के बाद कंट्रोल रूम या डायल 100 ही एक सहारा बची है। थानों के नंबर पर कॉल करने पर आउट ऑफ ऑर्डर जवाब या घंटी जाने के बाद भी कोई रिसीव नहीं करता। यह बात अलग है कि थाने भी जमाने के साथ अपडेट होकर मोबाईलधारक बन चुके हैं। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि जहां थानों के नंबर सरकारी विभागों और अन्य बडे व्यवसायिक संस्थानों पर अंकीत किए जाते हैं। वहीं मोबाईल नंबर कहीं भी अंकीत नहीं है। वहीं लेडलाईन नंबर मौजूद है। इससे वह लोग परेशान हैं जो सीधे थाने फोन कर शिकायत करना चाहते हैं।

**सीयूजी नंबर बांटे, थाने का भी नंबर सीयूजी आया**–मोबाइल का चलन बढ़ा तब से लैंडलाइन फोन बंद होना शुरू हो गए। पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश भर में पुलिस कर्मियों को सीयूजी नंबर बांटे उसके बाद से ही थानों के लैंडलाइन फोन के बिल जमा होने में आनाकानी होने लगी। कई जगहों पर बिल का भुगतान नहीं हुआ तो टेलीफोन विभाग ने फोन कनेक्शन काट दिए। विभाग ने दोबारा चालू नहीं कराने मे दिलचस्पी नहीं दिखाई।

**सरकारी सूची से गायब हुए लैंड लाइन नंबर**–लैंडलाइन फोन को पुलिस विभाग ने भी शायद आउट डेटेड मान लिया है। इसलिए पुलिस अधिकारियों के नंबर की सरकारी सूची में भी लैंडलाइन नंबर गायब हो चुके हैं। उनकी जगह अधिकारियों और कर्मचारियों को जारी सीओजी और उनके निजी नंबर दर्ज हैं।

**डॉयल 100 की शुरुआत के बाद पूरी तरह ठप**–थानों में लैंडलाइन फोन होने का दूसरा बड़ा कारण डायल 100 सेवा भी बताई गई है। कुछ पुलिसकर्मियों से बात की गई तो उनका कहना था कि डायल 100 नंबर लोगों को शिकायत के लिए मुहैया कराया गया है। यह नंबर लोगों को याद भी है, जबकि थानों के लैंडलाइन नंबर पब्लिक में गिने चुने लोगों को तो पता रहता था। लेकिन आम पब्लिक वाकिफ नहीं रहती थी। इसके अलावा शहर के बाहर से आने वालों को शिकायत करना होती थी तब भी लोग 100 नंबर पर ही कॉल करते थे। डायल 100 सेवा प्रदेश स्तर पर चालू हुई तो लैंडलाइन पर पब्लिक की कॉलिंग भी बंद हो गई इसलिए भी लैंडलाइन फोन ठप होते गए।

### कार की टक्कर से दंपति व एक बालक घायल

**सीतामऊ, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम खेजड़िया के समीप हाईवे पर कार की टक्कर से दंपति व एक बालक घायल हो गए। इसमें महिला को अत्यधिक चोटिल हुई है। पुलिस के अनुसार रामीबाई मालवीय जाति बलाई 40 वर्ष और उसका पति कारुलाल मालवीय निवासी कुंडला खुर्द थाना शामगढ़ अपनी मोटरसाईकिल से सीतामऊ की ओर आ रहे थे। साथ में एक बालक भी था। जब वे खेजड़िया के समीप पहुंचे तो एक कार चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद एम्बुलेंस द्वारा घायल को बड़े अस्पताल लाया गया। यहां महिला रामीबाई के पैर में अत्यधिक चोट लगने पर उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### मल्हारगढ़ पुलिस को मिली सफलता, अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ जारी...

# पत्नी-पत्नी को चाकू मारने वाले हाईवे के लूटेरे धराए

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** महू-नीमच राजमार्ग स्थित ग्राम खेरखेडा में दंपती को चाकू मारकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले में पुलिस ने दो लूटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। मल्हारगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि 13 जुलाई को परसराम सोलंकी निवासी चंदवासा देव अपनी पत्नी के साथ पार्लर का सामान व साड़िया लेने नीमच गया था। वापस आते समय करीब रात्री 09.15 बजे महू-नीमच हाईवे से खेरखेडा रोड पर जाते वक्त पीछे से दो अज्ञातलोगों ने मोटर सायकल से इनका रास्ता रोका। पत्नी के बाये पैर पर चाकू से वार कर 18 साड़ियां, एक जोड़ी चांदी की पायजब व 6000 रुपये नगदी लूट कर ले गए। पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।



मल्हारगढ़ पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु की।

हाईवे से आरोपियों के आने जाने के संभावीत रास्तों पर सीसीटीवी फुटेज खंगालने तथा मुखबीर तंत्र को सक्रिय करने के साथ ही सायबर सेल मंदसौर से तकनीकी मदद लेकर प्रकरण में गंभीरता से जांच करना प्रारंभ किया गया। पीड़ित द्वारा बताये हुलिये व पहने हुए कपड़ो के संदिग्धो का पता लगाने हेतु मल्हारगढ़ से नीमच, मंदसौर, जीरन छोटी सादडी तक के करीब 150 से अधिक स्थानो के सीसीटीवी फूटैज खंगाले गये, तथा सायबर सेल से प्राप्त तकनीकी साक्ष्यो का बारीकी से विश्लेषण किया गया। जिसमें घटना करने वाले की पहचान हेतु संदिग्धो को चिन्हित किया। जांच पड़ताल में सामने आया कि इस वारदात में जितेन्द्र सिंह पिता लोकेन्द्र सिंह राजपूत व उसका मित्र छगन पिता सुखलाल बावरी दोनों निवासी लालपुरा जिला प्रतापगढ़ राजस्थान के शामिल है। जितेंद्रसिंह को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने छगन के साथ वारदात को करना कबूल किया। आरोपी जितेन्द्र सिंह से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल, घटना के वक्त पहना सफेद शर्ट, घटना में प्रयुक्त चाकू एवं 1500 रुपये नगदी जप्त किये गये है।

### यातायात पुलिस की शहर के अंदर सक्रियता नहीं, बेलगाम हुए वाहन चालक...

# ऑटो व मेजिक में विद्यार्थियों को ठूंसना बना एक शगल

### वाहनों में आगजनी सहित, पलटी खाने जैसे कई बार हो चुके हैं हादसे

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित जिले में निजी स्कूलों की संख्या पर गौर करें, तो इनकी संख्या सैकड़ों में है। मंदसौर शहर में ही अनगिनत प्राईवेट स्कूल खुल गए हैं, जिसमें पढ़ने वाले बच्चों को या तो मेजिक वाहन अथवा ऑटो रिक्शा से ढोया जा रहा है। ज्यादा कमाने के लालच में स्कूली वाहनों में विद्यार्थियों को ठूंसकर ले जाया जा रहा है। शहर के अनेक जगहों पर ऐसी स्थिति देखी जा सकती है, यही नहीं अंचल में तो हाल बेहाल हैं। जब जिला मुख्यालय पर ही तय सीमा से ज्यादा बचे बिठाए जा रहे हैं तो गांव-कस्बों में क्या होता होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। यह स्थिति वर्षों से नहीं दशकों से बनी हुई है। एक तरह से ऑटो व मेजिक वाहनों में विद्यार्थियों को ठूंसना एक शगल बन गया है। सूत्र बताते हैं कि इन वाहनों को स्कूल संचालकों ने एक शपथ पत्र के तहत अटैच कर रखा है, यानी जब कोई परेशानी आए तो सारा पल्ला इन्हीं वाहन चालकों पर ढोल दिया जाए। ऐसे में स्कूल संचालक भी बेपरवाह हैं। रही सही कसर तो यातायात थाना पुलिस ने पूरी कर दी है। यातायात पुलिस शहर के बाहर अघोषित चालानी कार्रवाई का लक्ष्य पूरी करने में लगी हुई है, जबकि यातायात थाने के सामने से ही ओवर लोड स्कूली वाहन निकलते देखे जा सकते हैं। यहां यह बताना जरूरी है कि यदि कोई हादसा हो जाए तो इसका जवाबदार कौन रहेगा, यह भी समझ से परे है। पूर्व के वर्षों में गौर करें तो स्कूली बस में आगजनी लगने तथा ऑटो व मेजिक वाहन के पलटने जैसी घटनाएं हो चुकी है। इसके बाद भी सभी स्तर पर जिम्मेदार लापरवारह बने हुए हैं।

शिक्षा को व्यवसाय बनाकर निजी स्कूल के संचालक मोटी फीस तो वसूल ही रहे हैं, वहीं स्कूल में लाने के लिए उपयोग में आ रहे वाहन चालकों को बच्चों को ठूंसने की इजाजत भी मिल गई है। ऑटो रिक्शा व मेजिक चालक क्षमता से ज्यादा बच्चे बिठाकर निजी स्कूलों की व्यावसायिकता की राह पर चल रहे हैं । सड़कों पर यातायात को काबू पाने के लिए बनाया गया यातायात थाने की पुलिस की निष्क्रियता लगातार बरकरार है । आज तक बच्चों को ठूंस कर ले जाए रहे वाहनों पर कार्रवाई का डंडा तक नहीं घुमाया गया है । बीते माहों में हुए हादसों से भी सबक नहीं लिया गया है और न ही इसमें रुचि दिखाई जा रही है । इस कारण अदृश्य खतरे में सवार होकर मजबूरन विद्यार्थियों को स्कूल जाना पड़ रहा है।

प्रशासन ने शहर में चलने वाले टेम्पो को कुछ वर्ष पूर्व बंद कर एक अच्छा कदम उठाया । लेकिन, स्कूली बच्चों को ढोने वाले ऑटो रिक्शा व मेजिक वाहनों पर कार्रवाई नहीं की जा सकी है । बताते हैं कि निजी स्कूल संचालकों ने अपने-अपने हिसाब से वाहनों को स्कूल के लिए अटेच कर दिया है । इसके लिए बकायदा कोर्ट से लिखा पढ़ी कर दी गई है कि किसी भी दुर्घटना में जवाबदारी ड्राईवर की रहेगी । कानून के इस दांव पेच से बच्चों के अभिभावक अनजान हैं । इस तरह ऑटो व मेजिक चालकों को स्कूली बच्चों को ठूंस कर ले व ले जाने की शह मिल गई है । ऑटो रिक्शा में तो करीब 15 से अधिक बच्चों को ठूंसा जा रहा है । वहीं मेजिक वाहन में भी 25 से 30 बच्चों को ठूंस कर ले जाया जा रहा है। नन्ने बच्चे परेशानियों के बीच स्कूल तक पहुंच रहे हैं ।

**आपति दर्ज कराने पर अन्य स्कूलों में भर्ती कराने दिया जाता है हवाला**–बताते हैं कि ग्रामों में तो हालत इस तरह हो गइ है कि वाहनों में बच्चों को ठूंस कर ले जाने पर अभिभावक इसकी शिकायत स्कूल में करते हैं तो उनकी सुनता कोई नहीं है । ज्यादा फोर्स करने पर अभिभावकों से टका सा जवाब मिलता है कि आपके बच्चे को स्कूल से निकाल लो। ऐसे में अच्छी शिक्षा के लिए भर्ती कराने वाले अभिभावक मजदूरी की चादर ओढ़कर उच्च स्तर पर भी शिकायत नहीं कर पा रहा है । बता दें कि क्षमता से ज्यादा बच्चे बिठाने पर अभिभावकों को शिकायत करना चाहिए, क्योंकि सवाल उनके मासूम बच्चों की जान का है।

**स्कूल का समय पर टाईम-टेबल, इसलिए तेज गति पर भी कंट्रोल नहीं**–निजी विद्यालय में... **शेष पेज 4 पर**

### मामला अफजलपुर पुलिस द्वारा 12 क्विंटल डोडा चूरा बरामदगी का...

# इमरान के सहारे टिकी जांच की गाड़ी, धरपकड़ के लिए टीम तैयार

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** अफजलपुर थाना पुलिस ने जिस ट्रक से 12 क्विंटल 28 किलो 600 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया था, उसके मालिक का नाम इमरान निवासी भीलवाड़ा बताया गया है। इमरान की तलाश के लिए धरपकड़ टीम तैयार की गई है। इमरान के सहारे ही जांच की गाड़ी टिकी हुई है। बता दें कि मौके से ट्रक ड्राईवर रामदेव जटिया जरूर पकड़ाया था, लेकिन वह गुप्त बातें बताने की स्थिति में नहीं दिखता है। प्यादे के तौर पर उसका उपयोग होने की आशंका जताई गई है।

पुलिस के अनुसार 29 जुलाई को बिना नंबर का ट्रक आवागमन होने से अफजलपुर थाने के सहायक उपनिरीक्षक केएस रावत व उनके साथ रहे पुलिसकर्मियों को शंका हुई थी। ट्रक को डिगांव चौराहे पर रोका गया। ट्रक चालक आरोपी रामदेव पिता प्यारचंद जटिया जाति बैरवा निवासी भवानी नगर भीलवाड़ा है, जो 4 अगस्तक रिमांड पर है। रिमांड अवधि में उससे पूछताछ की जा रही है। किसी मंदिर के समीप से ड्राईवर रामदेव जटिया को ट्रक की कमान सौंपी जाने की बात बताई जाने लगी है। ट्रक बिना नंबर का होने पर ट्रक के चेचिस नंबर की पड़ताल की गई। इसमें ट्रक भीलवाड़ा निवासी इमरान के नाम दर्ज होना मालूम हुआ। ट्रक में 59 कट्टे थे, जिसमें 12 क्विंटल 28 किलो 600 ग्राम डोडा चूरा रहा। सभी काले कलर के कट्टों में 20 से 21 किलो डोडा चूरा भरा था। ऐसी स्थिति में यह भी कयाए लगाए जा रहे हैं कि टुकड़ों में खेप पहुंचाने की जगह एक साथ डोडा चूरा की खेप पहुंचाने की मशक्कत की गई थी। डोडा चूरा कहां से लोड हुआ है और कहां पहुंचाने की योजना थी, इस संबंध में भीलवाड़ा का इमरान हाथ लगे तो जांच की गाड़ी पटरी पर आने की संभावना है।

### मेडिकल दुकानों पर ताम्बे के पाईप चुराए

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर में गांधी चौराहे पर बीती रात्रि में चोरों ने तीन मेडिकल दुकानों को निशाना बताते दुकान के बाहर लगे एसी वाले ताम्बे के पाईप काटकर चुरा लिए। बता दें कि नगर पालिका के सामने स्थित महाकाल मेडिकल, समीप में डॉक्टर चिचानी क्लीनिक तथा कोठारी मेडिकल है। इन तीनों दुकानों की छत पर लगे एसी के तांबे के पाइप बदमाशों ने कटर से काटे। पूर्व में एक माह पहले भी चोरी की ऐसी घटना हो चुकी है। कोतवाली पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है।



# जनसमस्याओं के निराकरण के लिए नपाध्यक्ष ने वार्ड नंबर 5 का अवलोकन किया

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका वार्ड क्र. 5 अभिनन्दन क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण के लिये कल गुरूवार को नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने वार्ड की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु अवलोकन किया। इस अवसर पर नपा लोक निर्माण सभापति श्रीमती निर्मला नरेश चंदवानी, स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना, क्षेत्रीय पार्षद श्री आशीष गौड, नपा कार्यपालन यंत्री पी.एस. धारवे, नपा स्वास्थ्य ब्राण्ड एम्बेसडर श्री रामेश्वर मकवाना, शा. महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष श्री रमेश ग्वाला, स्वास्थ्य गरिबी उन्मूलन समिति व उद्यान शाखा सभापति श्री रमेश ग्वाला, स्वास्थ्य अधिकारी श्री हेमचन्द शर्मा, नपा कर्मचारी राहुल तंवर, नपा उपयंत्री एस.पी.सिंह भी साथ थे।

नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने वार्ड क्र. 5 अभिनन्दन क्षेत्र की शंखेश्वर कॉलोनी, अभिनन्दन विस्तार क्र. 3, शंकर विहार, अग्रसेन नगर आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया और इन क्षेत्रों में निवासरत आमजनों से चर्चा की। अवलोकन के दौरान शंखेश्वर कॉलोनी, अभिनन्दन विस्तार क्र. 3 में रोड नहीं होने के कारण जलभराव की समस्या स्थानीय नागरिकों के द्वारा बताई गई। क्षेत्रीय पार्ष्र्दद श्री आशीष गौड ने यहां रोड बनाने की मांग नपाध्यक्ष से की तथा वर्षा ॠतु में किचड की समस्या के समाधान के लिये मुर्रम डालने की भी मांग की। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने इसके त्वरित निराकरण का निर्देश दिया। सभापति श्री रमेश ग्वाला के साथ नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने शंखेश्वर कॉलोनी के उद्यान का भी निरीक्षण किया और यहां पौधरोपण के लिये आवश्यक तैयारियां करने हेतु क्षेत्रीय पार्षद श्री आशीष गौड के साथ कार्ययोजना बनाने को भी नपाध्यक्ष के द्वारा कहा गया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने शंकर विहार मेन गेट के सामने नाली चोक होने की समस्या को भी देखा तथा इसके निराकरण के लिये नपा लोकनिर्माण सभापति श्रीमती निर्मला चंदवानी के साथ चर्चा की। श्रीमती गुर्जर ने इन सभी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सभापति श्रीमती दीपमाला मकवाना के साथ सफाई व्यवस्था को भी देखा तथा वार्ड के सफाई दरोगा के साथ चर्चा की। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने अग्रसेन नगर के उद्यान का भी निरीक्षण किया।

## जल स्वच्छता मिशन की बैठक संपन्न



**मनासा, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा में गंगाबावडी समुह योजना (चंम्बलेश्वर) से वर्तमान में करीब 28 गांव को पेयजल मिल रहा है। उक्त योजना का सही से क्रियान्वयन नहीं हो रही और ग्रामीणो को समय पर भी पानी नहीं मिल रहा है। इसलिए उक्त गांवों को जल जीवन मिशन में जोडा जाए। जल जीवन मिशन निर्माण कार्य में क्षेत्र में जितनी सडको की खुदाई की गई है उन्हें कई जगह अभी तक नहीं बनाया गया है जहां बनाई वहां घटिया निर्माण कर इतिश्री कर ली गई है। वहीं पाइप लाइड डालने में सडक किनारे बनी ट्रेचिंग और नालिया भी खोद कर खत्म कर दी गई है जिससे में बारिश में जल भराव हो रहा है। उन्हें सही किया जाए और जहां जहां खुदाई के पश्चात सडक को ठीक करा दिया गया है उनकी रिपोर्ट प्रस्तुत कर एक बार विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में निरीक्षण करवाया जाए। सार्वजनिक मंदिर, गौशाला आदि आवश्यक स्थान पर भी जल जीवन मीशन अंतर्गत कनेक्शन प्रदाय किया जाए। यह सुझाव आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जल स्वच्छता मिशन की बैठक में मनासा विधायक अनिरूद्ध (माधव) मारू ने रखें। उन्होंने जल जीवन मिशन चल रहा निर्माण कार्य गुणवत्ता वाला हो और जो कार्य पूर्ण हो जाए उसका एक बार विधायकगण से निरीक्षण करा ले। यह दिशा निर्देश बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार ने भी संबोधित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान, कलेक्टर दिनेश जैन, एसडीम ममता खेडे, जिला पंचायत सीईओ गुरु प्रसाद एवं जल निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सफाई अभियान चलाया

**पिपलियामंडी, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगर में वार्ड 6 व 7 में गुरुवार को विशेष सफाई अभियान चलाकर कीटनाशक दवाई का छिडकाव कराया। सीएमओ प्रवीण सेन, पार्षद बलराम सोलंकी, पार्षद प्रतिनिधि भूपेन्द्र महावर, दिनेश चोहान, अजय राठौर आदि उपस्थित रहे। महावर ने बताया कि वर्षाजनित बीमारियों से बचाव को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी से दवाई छिडकाव की मांग की थी, उसी के बाद सफाई अभियान चलाकर दवाई का छिडकाव किया।

## राजस्व महाअभियान अंतर्गत आज निम्न गांवों मे लगेगा कैम्प

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** अनुविभागीय अधिकारी उपखंड मंदसौर द्वारा बताया गया कि राजस्व महाअभियान (2.0) 31 अगस्त 2024 तक कैम्प आयोजित किये जाएगें। जिसके अंतर्गत हल्के के ग्रामों में बी-1 वाचन, नक्शे में तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन, समग्र आधार से ई केवायसी, खसरा से समग्र आधार से लिकिंग, फार्मर रजिस्ट्री का सीमांकन, नामातरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, स्वामित्व योजना, पीएम किसान ई-केवायसी, डीबीटी का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना है। जिसके अंतर्गत 2 अगस्त को बादाखेड़ी, मोहम्मदपुरा, निरधारी, लदूसा, रठाना एवं रातीखेडी में कैम्प आयोजित किये जाएगें।

# अध्यक्ष और सीएमओ की लापरवाही का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा!



**सुवासरा, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद द्वारा 9 माह पहले नगर विकास के लिए 2:25 करोड रुपये के लगभग विकास कार्य के टेंडर जारी हुए थे। लेकिन 9 माह बीत जाने के बाद भी नगर में प्रस्तावित विकास कार्यों र्पर काम शुरू नहीं हो सका। विकास कार्यों में सींसी रोड नालियां एवं अन्य कार्य होना थे। लेकिन परिषद की उदासीनता और अधिकारियों की सुस्ती के कारण जनता विकास को तरस रही है। गुरुवार को परिषद की हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन विकास कार्यों के टेंडर ठेकेदारों को दिए गए हैं, वह यदि 15 दिन के भीतर अपना कार्य प्रारंभ नहीं करते हैं तो उनका टेंडर निरस्त कर दिया जाएगा। बैठक के दौरान पार्षदों की मांग पर संबंधित ठेकेदारों को फोन से सूचना भी दी गई। इसी दौरान एक ठेकेदार ने आर्थिक समस्या के चलते अपना टेंडर सरेंडर कर दिया। और अन्य ठेकेदारों ने निर्माण कार्य प्रारंभ करने की बात कही।

24 जुलाई को परिषद ने एक बैठक बुलाई थी। जिसमें भाजपा के 8 पार्षद बैठक में नहीं पहुंचे थे। इसका कारण था उनके वार्ड में विकास और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर परिषद अध्यक्ष और सीएमओ का ध्यान नही दे रहे थे। इसके बाद एक अगस्त गुरुवार को पुन: परिषद की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें विकास कार्यों के लिए जारी हुए टेंडर के बारे में चर्चा की गई। जिसके बाद संबंधित ठेकेदारों को सूचना दी गई। यह भी तब हुआ जब भाजपा पार्षदों ने इससे पहले बैठक का बहिष्कार किया था। तब जाकर परिषद अध्यक्ष और सीएमओ की नींद खुली और उन्होंने ठेकेदारों को नोटिस के माध्यम से चेतावनी दी। नगर के कुछ वार्डों में सडक नाली की बेहद गंभीर समस्या है और इन वार्डो में विकास के लिए 9 माह पहले टेंडर जारी हुए थे। लेकिन अध्यक्ष और सीएमओ की लापरवाही का खामियाजा 9 माह बाद भी जनता को भुगतना पड रहा है। अब दोनों जिम्मेदारों ने सभी पार्षदों को वार्डो में विकास के लिए आश्वस्त किया है।

**यह कहते हैं जिम्मेदार**-आज परिषद की बैठक हुई थी जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिन ठेकेदारों को टेंडर जारी हुए उन्हें 15 दिन का समय दिया गया है यदि वह इस समय में निर्माणकारी प्रारंभ कर देते हैं नहीं तो इन्हें ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा।

**संजय सिंह राठौड सीएमओ**
**नगर परिषद सुवासरा**

## पीएम एक्सीलेंस कॉलेज मंदसौर में माय भारत पोर्टल एवं डिजिटल साक्षरता कार्यशाला संपन्न



**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय माय भारत पोर्टल एवं डिजिटल साक्षरता तथा अभिमुखीकरण प्रशिक्षण 01 अगस्त 2024 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में पधारें राष्ट्रीय सेवा योजना विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विजय कुमार वर्मा ने जिले भर से उपस्थित कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को माय भारत पोर्टल एवं डिजिटल साक्षरता के अन्तर्गत माय भारत पोर्टल पर कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों का रजिस्ट्रेशन, इवेंट क्रिएट करना, इंटर्नशिप, सायबर सिक्योरिटी, एमएस ऑफिस, गूगल फॉर्म, ईमेल, गूगल क्लासरूम, गूगल मीट, पीएफएमएस, एनएसएस जीरो बैलेंस अकाउंट आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य डी.सी. गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए कहा है कि वर्तमान युग सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का है। जिसके अन्तर्गत हमें कम्प्यूटर ज्ञान के साथ सायबर सेक्यूरिटी का ज्ञान होना भी आवश्यक है। उन्होने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बधाई प्रदान की। कार्यक्रम में जिला संगठक डॉ. के.आर. सूर्यवंशी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण समय-समय पर आयोजित होते रहना चाहिए, जिससे प्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारी अपनी-अपनी इकाईयों में नियमित गतिविधियों का आयोजन सुचारू रूप कर सकें। कार्यक्रम के अन्त समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने किया एवं आभार डॉ. गोरा मुवेल ने माना। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आर. के. व्यास, डॉ.आर.डी. गुप्ता, डॉ. आर.सी.डाड, श्री अश्फाक हुसैन समेत जिले भर से आए कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक विद्यार्थी उपस्थित थे।



कलेक्टर ने बेस्ट5 एम्पलाई ऑफ दी मंथ पुरस्कार से...

## 12 अधिकारी-कर्मचारी को किया सम्मानित

**नीमच, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने अधिकारी-कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए बेस्ट्एम्पलाई ऑफ दी मंथ पुरस्कार के तहत माह जुलाई -2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न् विभागों के 12 अधिकारी-कर्मचारियों को बेस्ट एम्पलाई ऑफ दी मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया।

कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओं श्री गुरूप्रसाद एवं एडीएम सुश्री लक्ष्मी गामड ने कलेक्टोरेट में गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में 12 अधिकारी-कर्मचारियों को बेस्ट एम्पलाई ऑफ दी मंथ के पुरस्कार वितरित किए। समारोह में सहायक विकासखण्ड प्रबंधक अजीविका मिशन श्री सुनिल नागराज, सहायक विकासखण्डक प्रबंधक श्री प्रताप सिंह डावर, श्री पथरिया हिहोर, सहायक संचालक शिक्षा श्री एस.एम. मांगरिया, पटवारी नीमच श्री संजय मेहता, श्री दीपक जैन, सहायक प्रबंधक श्री सुरेश गोस्वामी, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्री डॉ.राधामोहन त्रिपाठी, सचिव ग्राम पंचायत जवासा श्री नंदलाल नागदा, सचिव भादवामाता श्री महेन्द्र सिंह गुर्जर, शिक्षक खड़ावदा श्री दशरथ सिंह राठौर, श्री एंजेलिना सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना के ई.पी.ओं. कृषक उत्पादक सगठन फूलपुरा, जाट, एवं बधावा को प्रमाणपत्र भी वितरित किए गये। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रीति संघवी, डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव साहू, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, श्री चन्द्र सिंह धार्वे, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय संत श्री असंग देव के श्रीमुख से सुखद सत्संग, कबीर के हैं राम

### महामहिम राज्यपाल डॉ. थावरचंद गहलोत करेंगे शिरकत कुकड़ेश्वर में

**मनासा, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सदगुरु कबीर मानव सेवा समिति, सामाजिक समरसता मंच जिला नीमच एवं महावीर क्लब कुकडेश्वर के तत्वाधान में राष्ट्रीय संत श्री असंग देव के श्री मुख से सत्संग, कबीर के है राम, कार्यक्रम में कर्नाटक राज्य के महामहिम राज्यपाल डॉक्टर थावरचंद गहलोत मुख्य अतिथि के रूप में दिनांक 4 अगस्त रविवार को दोपहर 3 बजे पटवा मांगलिक भवन कुकडेश्वर में शिरकत करेंगे।



उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक अशोक खींची पुर्व जिला पंचायत सदस्य नीमच एवं अध्यक्ष विश्वास कोठारी ने बताया है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सदगुरु कबीर मानव सेवा समिति एवं सामाजिक समरसता मंच के तत्वाधान में दिनांक 4 अगस्त रविवार 2024 को प्रात: 10 बजे राष्ट्रीय संत श्री असंग देव जी की भव्य शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग में निकाली जाएगी। दोपहर 1 बजे पटवा मांगलिक भवन बस स्टैंड कुकडेश्वर में राष्ट्रीय संत श्री असंग देव जी के श्री मुख से सुखद सत्संग 'कबीर के है राम का' आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नाटक महामहिम राज्यपाल डॉक्टर थावरचंद गहलोत, मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता मंदसौर, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, अखिल भारतीय बलाई समाज महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार इंदौर, मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू, नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार, जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, नीमच भाजपा जिला अध्यक्ष पवन पाटीदार, मंदसौर भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल आटोलिया, नीमच जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान, नीमच नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा, मंदसौर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रामादेवी बंशीलाल गुर्जर, कुकड़ेश्वर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला महेंद्र पटवा, उपाध्यक्ष श्रीमती सोनाली उज्ज्वल पटवा, मनासा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीमा अजय तिवारी, रामपुरा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीमा जितेंद्र जागीरदार, कुकडेश्वर मंडल अध्यक्ष मदन रावत कार्यक्रम में अनेक जिला पंचायत सदस्य एवं जनप्रतिनिधिगण एवं सैकडो धर्म प्रेमी जनता विशेष रूप से सम्मिलित होंगे। महावीर क्लब मित्र मंडल कुकडेश्वर के द्वारा आयोजन को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारीयां की जा रही है। सामाजिक समरसता मंच जिला नीमच मंदसौर के द्वारा क्षेत्र की सभी समस्त धर्म प्रेमी जनता सफल की गई है कि दिनांक 4 अगस्त रविवार/ हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर 'एक पेड मां के नाम अभियान' के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करें एवं कुकडेश्वर में आयोजित विशाल कबीर महोत्सव आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेवे।



# राजस्व महाअभियान के तहत ई-केवायसी और खसरा लिंकिंग के लिए शिविरों का आयोजन



**नीमच, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिले में 18 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। महाअभियान के तहत किसानों की शतप्रशित ई-केवायसी और खसरा लिंकिंग करने का लक्ष्य रखा गया है। ई-केवायसी और खसरा लिंकिंग एमपी ऑनईन, सीएसके के समस्त कियोस्क और समग्र वेब पोर्टल से किए जा सकेंगे। किसानों के लिए ई-केवायसी और खसरा लिंकिंग की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी। ई-केवायसी और खसरा लिंकिंग के लिए निर्धारित राशि (रूपये 18) संबंधित एमपी ऑनलाईन, सीएसके कियोस्क को राजस्व विभाग व्दारा MPSEDC के माध्यम से प्रदान की जायेगी। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने एमपी ऑनलाईन के संचालक को राजस्व महाअभियान में एमपी ऑनलाईन, सीएसके कियोस्क स्तर पर शिविर लगाकर और प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक नागरिकों की ई-केवायसी और खसरा लिंकिंग करने के लिए पत्र लिखा है। राजस्व महाअभियान में कृषकों की समग्र ई-केवायसी तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन व्दारा कृषकों की समग्र ई-केवायसी तथा समग्र खसरे की लिंकिंग का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण करने के लिए मौजा पटवारी सहित पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक की ड्यूटी अपने-अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत तत्काल प्रभाव से लगाई गई है। नीमच जिले में ग्राम पंचायतों में पदस्थ समस्त सचिवों, रोजगार सहायकों एवं पटवारियों को कृषकों से संपर्क कर 31 अगस्त 2024 तक कृषकों का समग्र ई-केवायसी तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग कार्य शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। जिले के सभी तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है, कि लंबित ई-केवायसी की ग्रामवार सूची संबंधित सचिव, ग्राम सहायकों को उपलब्ध कराये तथा ई-केवायसी हेतु लगाये जा रहे कैम्प की जानकारी सचिव, ग्राम सहायकों को प्रदान करें तथा प्रतिदिन कार्यप्रगति की जानकारी भू-अभिलेख कार्यालय नीमच को सायंकाल 5 बजे तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

# बिना मुंडेर के कुएं में हो रही दुर्घटनाओं पर मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, कलेक्टर से मांगा प्रतिवेदन

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिले के विभिन्न स्थानों पर विगत दिनों शासकीय एवं निजी क्षेत्र के बिना मुंडेर वाले कुए पर हुई दुर्घटनाओं से होरही हानि पर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। बुधवार को आयोग द्वारा लिए गए पांच मामलों में मंदसौर के पिपलियामंडी स्थित लसुड़िया राठौर गांव में गत दिनों सड़क किनारे बने बिना मुंडेर के कुए में ट्रैक्टर ट्रॉली सहित गिर गया और ड्राइवर समेत दो लोग गंभीर घायल हुए। इस पर मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष श्री मनोहर ममतानी एवं आयोग सदस्य श्री राजीव कुमार टंडन ने संज्ञान लेते हुए मंदसौर कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग से मामले की जांच कराकर जिले में स्थित बिना मुंडेर के कुओं, जल स्त्रोतों के संबंध में सुरक्षा उपायों की व्यवस्था और जन-जीव-संपत्ति सुरक्षा बारे में की गई कार्यवाही पर एक माह में प्रतिवेदन मांगा है। इस घटना के साथ मंदसौर जिला आयोग मित्र माध्यम से मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग को बिना मुंडेर के कुओं के बारे में ग्राम नगरी में ट्रैक्टर, टकरावद में बोलेरो वाहन सुवासरा में मोटरसाइकिल एवं गाय आदि के गिरने की जानकारी दी गई। बरसात का सीजन होने से सड़कों के किनारे बने बिना मुंडेर के कुए दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। जानकारों के मुताबिक जिले में ऐसे निजी और सरकारी क्षेत्रों के 1500 से अधिक कुए बिना मुंडेर के हैं जिन्हें चिन्हित कर ढांकने की आवश्यकता है बताया गया है कि तत्कालीन कलेक्टर दिलीपकुमार यादव ने इस संबंध में निर्देश किये थे।

### *** सफलता की कहानी ***

## गैस सिलेंडर 450 रू. में उपलब्ध कराने पर श्रीमती पेपाबाई व सुश्री नेहा ने दिया मुख्यमंत्री को धन्यवाद





**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री उज्वला योजना से रसोई गैस कनेक्शन पाने वाली सभी बहनों को अगस्त माह से गैस सिलेंडर भी सब्सिडी मूल्य मात्र 450 रुपए में उपलब्ध कराया जाएगा। इससे बहनों के रसोई खर्च में बचत के साथ धुंए से मुक्ति मिल जाने से उनके स्वास्थ्य की भी सुरक्षा होगी। लाडली बहनों के रसोई खर्च में अगले एक साल तक स्थायी बचत की व्यवस्था भी सरकार ने कर दी है। बहनें अब पहले से अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

श्रीमती पेपाबाई पति दिनेश निवासी खिलचीपुरा बताती है कि, उन्हें लाड़ली बहना योजना की राशि लगातार मिल ही रही है। उज्वला रसोई गैस सिलेंडर भी 450 रुपए में मिलेगा, सो अलग। सरकार ने हम जैसी लाखों महिलाओं की बडी चिंता की। ऐसी संवेदनशील सरकार और मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद। सुश्री नेहा विश्वास पिता कमल विश्वास निवासी मंदसौर बताती है कि सरकार ने बहनों को उज्वला गैस सिलेंडर 450 रुपए में देने का एलान किया है। त्यौहारों के मद्देनजर महिलाओं को उपहार देने के मध्यप्रदेश सरकार के ऐसे प्रगतिशील कदम का स्वागत करते हुये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद दिया हैं।


दिनांक 02 अगस्त 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे- ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**क्या आप जानते है..?**



* राहु गृह का नशे पर पूर्ण अधिकार है, विशेषकर बीड़ी-सिगरेट धूम्रपान इत्यादि करने वाले लोगों का राहु सक्रिय रहता है, इन चीजों का सेवन करने वाले जातकों पर राहु का विशेष प्रभाव रहता है ऐसी स्थिति में जन्मकुंडली में राहु अशुभ होने पर जातक राहु दोष से पीड़ित होता है।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720


# एक पौधा मां के नाम अभियान में महिलाओं ने किया पौधारोपण

**नीमच, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय सनातन संस्कृति में गौ सेवा का अत्यधिक महत्व है। श्री कृष्ण ने भी स्वयं ग्वालपाल चरवाह बन गौ पालन कर संसार को गौ सेवा का संदेश दिया है। पृथ्वी पर प्रकृति में विचरण करने वाले पशु पक्षियों की रक्षा का कर्तव्य देश के प्रत्येक नागरिक का है। मनुष्य को स्वस्थ शरीर के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है और ऑक्सीजन हमें हरे पेड पौधों से मिलती है इसलिए पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक संख्या में औषधि वाले पौधे भी लगाना चाहिए जिससे एक पंथ दो काज हो सकते हैं पौधों से पर्यावरण शुद्ध रहेगा और औषधि से लोगों का उपचार हो सकता है।हम पशु पक्षी जैसे मुक प्राणियों की वह सेवा करते हैं तो इसे प्रकृति का संतुलन बना रहता है और वातावरण शुद्ध रहता है। गाय के गोबर से खाद बनता है वह खाद फसलों में पौष्टिक आहार प्रदान करता है। यह बात जय गणेश परिवार की पहल जीव सेवा विकास अभियान की पावन श्रृंखला में एक पौधा मां के नाम के अभियान के पावन उपलक्ष्य में हवाईअड्डा स्थितश्री कृष्ण गोपाल गौशाला बघाना के परिसर में आयोजित पौधारोपण गौ माता पूजन कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति ने सामूहिक रूप से व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इसके साथ साथ पौधों को पूरे वर्ष पर्यंत सिंचाई, खाद एवं कीटाणु लगने पर दवाई छिड़काव करने का संकल्प लिया। महिलाओं द्वारा शीघ्र ही और अन्य औषधि वाले पौधे भी लगाए जाएंगे। सनातन संस्कृति में पेड पौधों में भी देवी देवताओं का वास बताया गया है। इसलिए पेड पौधों की का पूजन भी किया जाता है।



गौ माता केवल पशु नहीं यह भारतीय संस्कृति सनातन संस्कृति है इसलिए वह माता को हिंदू समाज माता कहकर बुलाता है गायों में समस्त देवी देवताओं का निवास होता है। गौ माता का संरक्षण हमारा कर्तव्य व धर्म है। एक पौधा मां के नाम पर्यावरण अभियान के पावन उपलक्ष्य में मातृशक्ति ने आंवला नीम पीपल, बड, आम सहित विभिन्न औषधियों के पोधे लगाए ओर पौधों को संतान की तरह सिंचाई कर पालन करने का संकल्प लिया। गौशाला में पहुंचकर गौ माता का आरती पूजन किया गौ माता को हरी घास गुड खिला कर आशीर्वाद ग्रहण किया इस अवसर पर जीव सेवा विकास अभियान मातृशक्ति श्रीमती कौशल्या काबरा के मार्गदर्शन में प्रेमलता मालू, दुर्गा मानधना, यशोदा अजमेरा, निर्मला मंत्री, शांता शर्मा, कल्पना जैन, केसर देवी बागड़ी, प्रेम देवी, नवीन अग्रवाल, भारतीय सेना से सेवानिवृत भूतपूर्व सैनिक मुकेश गुर्जर, दिनेश मालवीय, सहित अन्य गौ सेवक उपस्थित थे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 45 | 2451 | 2571 |
| उडद | 3 | 2701 | 7501 |
| सोयाबीन | 5100 | 3500 | 4390 |
| गैहु | 4500 | 2431 | 3175 |
| चना | 378 | 5881 | 6889 |
| मसुर | 214 | 5600 | 6201 |
| धनिया | 3454 | 4800 | 6680 |
| लहसुन | 12300 | 7000 | 21000 |
| मैथी | 680 | 4900 | 6280 |
| अलसी | 1800 | 5230 | 5750 |
| सरसो | 398 | 4931 | 5230 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 135 | 9200 | 12400 |
| प्याज | 3050 | 1101 | 2727 |
| कलोंजी | 29 | 11000 | 18940 |
| डॉलर | 42 | 8000 | 12800 |
| तिल्ली | 142 | 9800 | 12371 |
| मटरसुखी | 1 | 6000 | 6000 |
| असालीया | 32 | 9700 | 10784 |

## इसी सत्र से शुरु होगा मंदसौर मेडिकल कॉलेज

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर सहित मध्य प्रदेश के 3 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज सिवनी, और नीमच इसी सत्र से शुरू हो जाएंगे। नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) ने 50-50 सीटों पर प्रवेश को मंजूरी दे दी है। यानी इसी सत्र से एमबीबीएस की 150 सीटें बढ़ जाएंगी। अब प्रदेश में सरकारी कोटे की एमबीबीएस की कुल 2,425 हो जाएंगी। डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने बताया कि सिंगरौली और श्योपुर कॉलेज के लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। संभवत: दो नए मेडिकल कॉलेज अगले सत्र से शुरू हो जाएंगे।



**एकसाथ 3 कॉलेज को मान्यता गर्व की बात**–मप्र के लिए गौरव की बात है कि एक साथ 3 सरकारी मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। हमारा प्रयास यह है कि हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज हो। कुछ जिलों में वहां पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी है। चुनाव के दौरान भर्ती प्रक्रिया पूरी कर विशेष प्रयास किए।

**डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री**

### विपक्षी पार्षद बैठक छोड़ पहुंचे बाहर, एसडीएम भी पहुंचे...

# मूर्ति लगाने को लेकर बैठक में हंगामा

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ में मूर्ति लगाने की बात को लेकर नप की बैठक में हंगामा हो गया। विपक्ष के पार्षदों ने इस मुद्दे पर जमकर बहस की। इसके बाद बैठक छोडकर बाहर निकल गए। नप कार्यालय के बाहर आकर अपना विरोध दर्ज कराते हुए नजर आए। इसके बाद एसडीएम रवींद्र परमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पार्षदों से बात की। पार्षदों ने अपनी आपत्ती उनके सामने रखी।

मल्हारगढ़ नगर परिषद में सब्जी मंडी देवरा चौक, देवनारायण मंदिर के सामने कुइया की पिछले दिनों जल गंगा आवर्धन योजना में नगर परिषद ने मरम्मत और साफ सफाई करवाई थी। इसके साथ ही कुइया पर आरसीसी छत डालकर उसे ढक दिया गया था।बताया जा रहा है कि इस कुइया पर प्रजापत समाज और गयारी समाज लंबे समय से अपना हक जताता आ रहा है। हालांकि, कोर्ट ने दिए फैसले ने साफ किया था कि यह जमीन हिन्दू समाज की है। जल गंगा आवर्धन अभियान में कुइया की सफाई करने के बाद इसे ढक दिया गया



था।अब दो तीन दिन पहले कुइया पर एक पिलर बनाया गया। कल यानी मंगलवार-बुधवार की रात कुछ लोगो द्वारा यहां एक मूर्ति स्थापित कर दी। बताया जा रहा है कि मूर्ति देवी अहिल्याबाई की है। आज दोपहर में सभी समाज के लोग सीएमओ राजेश गुप्ता से मिलने पहुंचे थे, हालांकि वे नहीं मिले। अब यह मूर्ति नगर में चर्चा बन रही है।

**प्रतिमा लगाने के लिए नियम तय, अनुमति जरूरी**–वार्ड 6 के पार्षद प्रतिनिधि दिनेश प्रजापत ने बताया कि किसी भी प्रतिमा को लगाने के लिए नियम तय है। इसके लिए सभी विभागों से अनुमति लेना होती है। जबकि नगर परिषद में ऐसा कोई प्रस्ताव ही नहीं आया। अगर सब नियम के हिसाब से हो रहा तो आधी रात में मूर्ति लगाने का क्या मतलब है?

**इनका कहना**–इधर, नगर परिषद सीएमओ राजेश गुप्ता ने बताया कि जहां कुइया है वह हिन्दू समाज की है। यहां धनगर समाज की ओर से देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा लगाई जा रही है। यह नगर परिषद का मामला नहीं है।



**आधार अपडेट के लिए**-मंदसौर में बड़े पोस्ट ऑफिस पर आधार कार्ड अपडेट को लेकर लाईन लग रही है। ऑफिस खुलने का समय सुबह 10 बजे है, लेकिन उससे पहले ही लाईन लगने लगी है।



## मंडी में उपज चोरी करते तीन चोर पकड़ाए

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी मंदसौर में किसानों की उपज के लगे ढेर में से चोरी करते हुए तीन बदमाशों को पकड़ा गया है। दो चोर सुबह पकड़ाए थे, बाद में एक और चोर को पकड़ा गया। तीनों को यशोधर्मन नगर थाने पुलिस के सुपुर्द किया गया है। उपज चुराते हुए मंडी के सिक्युरिटी गार्ड ने पकड़ा है। आरोपियों में एक अरनिया का तो एक डिगांव व एक जावरा का निवासी बताया गया है। पुलिस के अनुसार मामले में गुरुवार रात्रि तक इस संबंध में प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज

**प्रयागराज, 1 अगस्त।** उत्तरप्रदेश के मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद केस में हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी। आज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हिंदू पक्ष की ओर से दायर 18 याचिकाएं एक साथ सुनी की जाएंगी। हिंदू पक्ष की ओर से यह दावा करते हुए याचिकाएं डाली गई थी कि शाही ईदगाह का ढाई एकड का एरिया मस्जिद नहीं है। वह भगवान कृष्ण का गर्भगृह है।

वहीं मुस्लिम पक्ष ने दलील दी थी कि 1968 में हुए समझौते के तहत मस्जिद के लिए जगह दी गई थी। 60 साल बाद समझौते को गलत बताना ठीक नहीं। हिंदू पक्ष की याचिकाएं सुनवाई लायक नहीं है। हालांकि हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद मुस्लिम



पक्ष की इस दलील को स्वीकार नहीं किया। अब हिंदू पक्ष की 18 याचिकाओं की एक साथ सुनवाई होगी। ज्यादातर याचिकाओं का नेचर एक जैसा ही है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु जैन ने कहा कि 25 सितंबर 2020 को पहला याचिका दायर हुई थी। 4 महीने सुनवाई चलने के बाद आज हाईकोर्ट ने 18 याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना। अब इस केस में ट्रायल चलेगा। हम लोगों को मौका मिलेगा कि हम सबूत पेश करेंगे। एडवोकेट कमीशन सर्वे के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है। बहुत जल्द हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। स्टे बहाल करने और श्रीकृष्ण जन्मभूमि में ईदगाह की एडवोकेट कमीशन सर्वे की मांग करेंगे। हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल 18 याचिकाओं को शाही ईदगाह कमेटी के अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट में ऑर्डर 7 रूल 11 के तहत चुनौती दी। शाही ईदगाह कमेटी के वकीलों ने बहस के दौरान कहा कि मथुरा कोर्ट में दाखिल याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। मामला पूजा स्थल अधिनियम 1991 और वक्फ एक्ट के साथ लिमिटेशन एक्ट से बाधित है। इसलिए इस मामले में कोई भी याचिका न तो दाखिल की जा सकती है और न ही उसे सुना जा सकता है। हिंदू पक्ष की तरफ से कहा गया कि इस मामले पर न तो पूजा स्थल अधिनियम का कानून और न ही वक्फ बोर्ड कानून लागू होता है। शाही ईदगाह परिसर जिस जगह मौजूद है वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि की जमीन है। समझौते के तहत मंदिर की जमीन को शाही ईदगाह कमेटी को दी गई है जो नियमों के खिलाफ है।

## तस्करी करने वाले को 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायधीश महोदय (एन.डी.पी.एस.एक्ट) मंदसौर द्वारा आरोपी गोपाल पिता सुंदरलाल मीणा, आयु-36 वर्ष एवं शेरू पुत्र इलियास कुरेशी, आयु-35 वर्ष, दोनों निवासी-दलौदा, पुलिस थाना भावगढ, जिला मंदसौर को अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने के आरोप का दोषी पाकर 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,00,000 रूपये जुर्माने से दंडित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 27.07.2016 को पुलिस थाना भावगढ में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक राजाराम वर्मा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक नीले रंग की टी.वी.एस.स्टार सिटी प्लस से तीन व्यक्ति डोडाचूरा लेकर रकोदा से बनी फंटे होते हुए दलौदा तरफ जाने वाले है, यदि नाकेबंदी की जाये तो उन्हें पकडा जा सकता है। मुखबिर की सूचना विश्वसनीय होने से मय फोर्स एक टीम को तत्काल रवाना कर भावगढ-दलौदा रोड पर बनी मगरे के पास नाकेबंदी की कुछ देर बाद मुखबिर के बताए अनुसार नीले रंग की टीवीएस स्टार मोटरसाइकिल आती हुई दिखी जिस पर तीन व्यक्ति बैठे दिखे तथा मोटरसाइकिल के दोनों तरफ दो प्लास्टिक के बोरे लटके हुए बंधे थे, उक्त व्यक्ति पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल वापस पलटने लगे थे जिसे हमराह फोर्स की मदद से पकडा गया व नाम, पता पूछने पर मोटरसाइकिल चलाने वाले ने अपना नाम गोपाल मीणा, बीच में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम शेरू कुरेशी एवं पीछे बेठे व्यक्ति ने अपना नाम सुंदरलाल होना बताया, तलाशी लिये जाने पर मोटरसाइकिल पर बंधे दो बोरो को खोलकर चैक करने पर दोनों बोरो में कुटा हुआ पिसा डोडाचूरा होना पाया गया, आरोपी से पूछे जाने पर आरोपी के पास कोई वैध लाईसेंस न होना बताया। उक्त मादक पदार्थ का तौल किये जाने पर कुल वजन 55 किलो ग्राम होना पाया गया, मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा बनाया गया, आरोपीगण के विरूद्ध पुलिस थाना भावगढ में अपराध क्रमांक 318/2016 की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया, विवेचना की अन्य औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात् आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष विशेष लोक अभियोजक द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन विषेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

## लठ्ठ से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास

**मनासा, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सुश्री शिवांगी सिंह परिहार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मनासा के द्वारा फरियादी व आहतगण के साथ लठ्ठ से मारपीट कर गंभीर चोट पहुॅचाने वाले आरोपी पूनमचंद्र पिता लालूराम चौहान भोई, उम्र-34 वर्ष, निवासी-ग्राम भाटखेडी नाका, तहसील मनासा, जिला-नीमच, म.प्र. को धारा 325 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01 वर्ष के साश्रम कारावास व कुल 1500रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री विपिन मण्डलोई द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 08 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 20.10.2015 को दिन के लगभग 03:00 बजे ग्राम भाटखेडी नाका, मनासा के पास की हैं। घटना दिनांक को फरियादी जालु ने आहतगण मन्नु व नहारसिंह के साथ थाने पर उपस्थित होकर रिपोर्ट लिखाई की उनके परिवार के छोटे बच्चे जब रामपुरिया तालाब पर नहाने गये थे तब बच्चों ने मछलिया निकाली थी, इसी बात को लेकर आरोपी ने लठ्ठ से तीनों के साथ मारपीट कर उन्हे गंभीर चोटे पहॅुचाई। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना मनासा में आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं तीनों आहतगण का मेडिकल किये जाने के पश्चात् आवश्यक विवेचना के उपरांत अभियोग-पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में फरियादी, आहतगण, चश्मदीद साक्षी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया तथा जुर्माने की राशि 1500रू. को तीनो आहतगण को प्रतिकर के रूप में प्रदान किये जाने आदेश भी दिया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री विपिन मण्डलोई, एडीपीओ द्वारा की गई।

## झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भानपुरा थाना अंतर्गत एक झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है। सूचना मिलने पर अधिकारियों ने लौटखेड़ी तिराहा पर स्थित कारवाल पिता रामचंद्र धाकड़ के क्लीनिक पर आमद दी। यहां कागजों की जांच पड़ताल की गई। जिसमें सामने आया कि बिना डिग्री और नियमों को ताक पर रखकर उपचार किया जा रहा था। इसके बाद पुलिस में केस दर्ज कराया गया। पुलिस ने धारा 106 बीएनएस और धारा 24 मप्र आयुर्विज्ञान परिषद के तहत केस दर्ज किया है।

## सांसद गुप्ता पुन: बनाए गए लोकसभा के बीजेपी के सचेतक

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी ने मंदसौर, नीमच व जावरा सांसद सुधीर गुप्ता को लोकसभा में पार्टी का पुन: सचेतक नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी उन्हें पार्टी के संसदीय सचिव डॉ. शिव शक्ति नाथ बख्शी द्वारा सौंपी गई है। मध्यप्रदेश के सांसद को यह जिम्मेदारी मिलने से राज्य में उत्साह का माहौल है।

डॉ. शिव शक्ति नाथ बख्शी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को सचेतकों की सूची सौंप दी है। इस सूची में बीजेपी के 240 सांसदों में से 16 को सचेतक की जिम्मेदारी दी गई है सुधीर गुप्ता को लोकसभा में पार्टी का व्हीप नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण पद पर उनकी नियुक्ति से पार्टी ने उन पर बड़ा भरोसा जताया है। सचेतक का कार्यभार संभालने वाले सुधीर गुप्ता और अन्य 15 सांसदों से उम्मीद की जाती है कि वे संसद में पार्टी की नीतियों और निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे। यह भूमिका महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इसमें सांसदों को अनुशासन बनाए रखने और सदन में पार्टी की रणनीति को लागू करने की जिम्मेदारी होती है।



इस नई जिम्मेदारी के साथ, मध्यप्रदेश में सुधीर गुप्ता का कद पार्टी में और बढ़ गया है। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता पर पार्टी ने विश्वास जताया है, जो उनके राजनीतिक करियर के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। इस नियुक्ति से सुधीर गुप्ता को संसद में अपनी भूमिका निभाने का एक नया अवसर मिला है, जिससे वे अपने क्षेत्र और देश के लिए अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकेंगे।

## मौसम : अगले तीन दिन तक भारी बारिश का अलर्ट

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले ने औसत बारिश का आधा आंकड़ा क्रास कर लिया है। शिवना में भी जलस्तर बढ़ा है। गुरुवार को बारिश का इंतजार अधूरा रहा। दिनभर बादल छाए रहे। लेकिन देर शाम तक बारिश नहीं हुई। हालांकि जिले में अगले दो तीन दिन तेज बारिश का अलर्ट है। अबतक जिले में 16.67 इंच बारिश दर्ज हुई है। तापमान की बात करें तो अधिकतम तापमान 29 डिग्री व न्यूनता तापमान 23 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

जिले में आज हल्की बारिश का अनुमान है। मौसम जानकारों ने आज प्रदेश के 19 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। जानकारों के अनुसार जो सिस्टम एक्टिव हो रहा है। उसका ज्यादा असर प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग में ज्यादा देखने को मिलेगा।आईएमडी, भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि अभी मानसून ट्रफ प्रदेश से थोड़ी ऊपर है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन अरब सागर की ओर है। एक अन्य साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी है। अब इनकी स्ट्रॉन्ग एक्टिविटी देखने को मिल सकती है। इसलिए अगले 4 दिन के लिए प्रदेश में कहीं भारी तो कहीं हल्की बारिश का अनुमान है।

**जिले में कहा कितनी बारिश**–जिले के औसत की आधी बारिश अब तक हो चुकी है। ओवरऑल जिले में अब तक 424मिमी औसत बारिश दर्ज की गई है। गुरवार सुबह आठ बजे तक मंदसौर 291 एमएम, सीतामऊ437 एमएम, सुवासरा 595 एमएम, गरोठ 434 एमएम, भानपुरा 360 एमएम, मल्हारगढ़ 225 एमएम, धुंधडका 376 एमएम, शामगढ़ 674 एमएम, संजीत 371 एमएम, क्यामपुर 400 एमएम, भावगढ़ 498 एमएम बारिश दर्ज की गई है।



## बेसमेंट की जांच करने पहुंचा नपा अमला

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली के बाद जयपुर में बेसमेंट में हुए हादसे में मौतों को लेकर मंदसौर में नगर पालिका अमला सतर्क हुआ है। नपा इंजीनियरों व कर्मचारियों ने शहर में बने बेसमेंट को लेकर एक दर्जन कॉम्पलेक्स पर जांच की है। बेसमेंटों का सर्वे किया है। वहां संचालित व्यावसायिक गतिविधियों पर भी पंचनामा बनाया है। पार्किंग की जगह छोड़ी है कि नहीं यह भी देखा गया है। नपा अमले द्वारा नियमों के उल्लंघन पर नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी।

## सभी बैंक फसल बीमा भुगतान के फेल अकाउंट के स्थान पर किसानों के अल्टरनेट अकाउंट बीमा कंपनी को प्रदान करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति डीएलसीसी की बैठक बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी बैंकर्स को निर्देश देते हुए कहा कि फसल बीमा के संबंध में जिन किसानों का भुगतान फेल हुआ है। उन सभी किसानों का अल्टरनेट बैंक अकाउंट नंबर फसल बीमा कंपनी को प्रदान करें। जिससे समय पर फसल बीमा का भुगतान किसानों को प्राप्त हो सके। जिन किसानों का भुगतान फेल हुआ है उन सभी किसानों की सूची फसल बीमा कंपनी सभी बैंकों को प्रदान करें। फसल बीमा के संबंध में संपूर्ण कार्यवाही पूर्ण करके तुरंत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, लीड बैंक मैनेजर, सभी बैंकर्स, सभी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



सभी विभाग जिनको सरकार की जनकल्याणकारी योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में जितने भी लक्ष्य प्राप्त हुए हैं, लक्स समय सीमा में पूर्ण करें तथा प्रकरण बैंकों को प्रस्तुत करें। प्रकरण बैंकों को प्रस्तुत करने के साथ बैंकों से समन्वय रखे तथा प्रतिदिन बैंकों से जानकारी प्राप्त करें। वित्तीय वर्ष के लक्ष्य समय पर पूर्ण होने चाहिए। इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत जितने भी आवेदन प्राप्त हुए उनका समय सीमा में वेरिफिकेशन करें। उद्योग विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत युवाओं को स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने के लिए योजना का लाभ प्रदान करें तथा योजना का व्यापार प्रचार प्रसार करें। लीड बैंक मैनेजर आगामी बैठक में प्रत्येक बैंक अनुसार प्रगति रिपोर्ट भी बनाएं तथा सभी बैंक भी लक्ष्य अनुसार कार्य करें। बैंकों के कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का त्वरित समाधान करें तथा सभी बैंक स्वयं मॉनिटर करें।

### बैंड बजाने में कोताही बरतने... पेज 1 से जारी

पहल के बाद इसकी शुरुआत की गई थी। जिसमें 330 के करीब पुलिसकर्मी बैंड के प्रशिक्षण में ट्रेनिंग पूरी की है।

**सीएम बनते पुलिस बैंड की स्थापना के लिए दिया था निर्देश**–मध्यप्रदेश के सीएम बनते ही डॉ मोहन यादव ने फैसला लिया था कि हर जिले में पुलिस बैंड की स्थापना की जाएगी। जिसके बाद पुलिस मुख्यालय भोपाल से सभी जिलों के एसपी को आदेश जारी हुआ था। जिसमें स्पष्ट लिखा था कि हर जिले में पुलिस बैंड की स्थापना की जाएगी।

### ऑटो व मेजिक में विद्यार्थियों को... पेज 1 से जारी

अटैच स्कूली वाहन के चालक फटाफट के चक्कर में वाहन तेज गति से दौड़ाते आए दिन नजर आ रहे हैं। यातायात पुलिस की नजर से भी ये चालक अछूते नहीं रहे हैं। बावजूद इसके उनकी गति पर भी कंट्रोल नहीं किया जा रहा है। इस तरह एक तो क्षमता से ज्यादा बच्चे बिठाना व दूसरी ओर तेज स्पीड में वाहन दौड़ने से अदृश्य खतरा हर समय बरकरार है। जिस पर आज नहीं तो कल अंकुश लगाने की आवश्यकता है, नहीं तो हादसों को रोका नहीं जा सकेगा।

# रेलवे: 8 समर स्पेशल ट्रेनों के बढ़ाए फेरे

**मंदसौर, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे ने ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ एवं उनकी सुविधा को ध्यान में रखते 8 समर स्पेशल ट्रेनों के फेरे बड़ाए है। यह ट्रेने वर्तमान में रतलाम रेल मंडल से होकर गुजर रही है। अजमेर जंक्शन से चलने वाली गाडी संख्या 09621 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल 04 अगस्त से 25 अगस्त 2024 तक चलेगी। बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली गाडी संख्या 09622 बांद्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल 05 अगस्त से 26 अगस्त तक चलेगी।बीकानेर जंक्शन से चलने वाली गाडी संख्या 04711 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल 07 अगस्त 2024 से 28 अगस्त तक चलेगी। बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली गाडी संख्या 04712 बांद्रा टर्मिनस बीकानेर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल 08 अगस्त से 29 अगस्त तक चलेगी।बीकानेर से चलने वाली गाडी संख्या 04715 बीकानेर-साईनगर शिर्डी साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल 03 अगस्त से 31 अगस्त तक चलेगी। साईनगर शिर्डी से चलने वाली गाडी संख्या 04716 साईनगर शिर्डी-बीकानेर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल 04 अगस्त से 1 सितंबर तक चलेगी।अजमेर से चलने वाली गाडी संख्या 09625 अजमेर-दौंड साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल 1 अगस्त से 29 अगस्त तक चलेगी। दौंड से चलने वाली गाडी संख्या 09626 दौंड-अजमेर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल 2 अगस्त से 30 अगस्त तक चलेगी।

# मुक्का मारकर नाक तोड़ने वाले आरोपी को 3 माह का सश्रम कारावास

**नीमच, 1 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमान् अंकित जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच के द्वारा फरियादी के मुह पर मुक्का मारकर उसका नाक तोडकर गंभीर चोट पहुॅचाने वाले आरोपी लोकेश पिता घनश्याम प्रजापति, उम्र-25 वर्ष, निवासी-स्कीम नम्बर 36-बी, पुराना चूना भट्टा, जिला-नीमच, म.प्र. को धारा 325 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 माह के कारावास व 500रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री राजेन्द्र नायक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 06 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 28.07.2018 को रात्रि के लगभग 11:30 बजे विजय टॉकीज स्थित वृंदावन होटल के पास की हैं। फरियादी हनी केशवानी उसके मित्र सुशील के साथ विजय टॉकीज चौराहा के पास घुम रहा था, कि आरोपी ने उसको धक्का दिया तो इस पर फरियादी ने आरोपी को धक्का देने से मना किया। इसी बात पर विवाद करते हुवे आरोपी जिसने अपने हाथ में लोहे कड़ा पहना हुवा था, उससे फरियादी के नाक पर मुक्का मार दिया, जिससे नाक की हड्डी टूट गई। मौके पर मौजूद लोगो ने बीच-बचाव किया, इसके बाद फरियादी द्वारा घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना नीमच केंट पर की गई, जिसके पश्चात् फरियादी का मेडिकल किये जाने के पश्चात् आवश्यक विवेचना के उपरांत अभियोग-पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में फरियादी, चश्मदीद साक्षी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री राजेन्द्र नायक, एडीपीओ द्वारा की गई।



आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648

### न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील नीमच नगर जिला नीमच (म.प्र.)

प्रकरण क्रं.0001/अ-20(2)/2024-25 ई.नं.-215, दिनांक 25.07.2024

**✻✻✻✻ विज्ञप्ति ✻✻✻✻**

सर्व साधारण जनता ग्राम धनेरियाकलां को सूचित किया जाता है कि श्रीमान कलेक्टर महोदय नीमच के न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 0001/1-20(2)2024-25 (श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय नीमच के न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 0001/अ-20(2)2024-25 के आवेदक मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास मंडल जवाहर नगर रतलाम के द्वारा ग्राम धनेरियाकलां में स्थित भूमि सर्वे नं. 719 रकबा 4.61 हेक्टर, सर्वे नं. 724 रकबा 4.16 हेक्टर, सर्वे नं. 725 रकबा 0.22 हेक्टर, सर्वे नं. 726 रकबा 0.80 हेक्टर, सर्वे नं. 731 रकबा 1.50 हेक्टर, सर्वे नं. 732 रकबा 0. 20 हेक्टर, सर्वे नं. 733 रकबा 0.95 हेक्टर, सर्वे नं. 734 रकबा 0.36 हेक्टर, सर्वे नं. 735 रकबा 1.34 हेक्टर, सर्वे नं. 736 रकबा 0.12 हेक्टर, सर्वे नं. 737 रकबा 0.31 हेक्टर, सर्वे नं. 738 रकबा 1.87 हेक्टर, सर्वे नं. 739 रकबा 1.92 हेक्टर, पर मिश्रित आवासीय योजना हेतु भूमि आबंटित / स्थाई पट्टे पर दिए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। संस्था/विभाग द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर नजूल निर्वतन 2020 के अतंर्गत वंटित/स्थाई पट्टे पर दिये जाने हेतु जाँच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 07/08/2024 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय में स्वयं या जर्ये अभिभाषक के प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् किसी भी आपत्ति आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाकर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 25.07.2024 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

मुद्रा

नायब तहसीलदार
तहसील नीमच नगर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in